This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

बुधवार 29 मार्च, 2017 / 08 चैत्र, 1939

हिमाचल प्रदेश सरकार

भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 03 मार्च, 2017

संख्याः एल.सी.डी.–एफ (8)–1 / 2016.––राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग की धार्मिक संस्थानों, पुरातन स्मारकों व पुरास्थलों के लिए सहायतानुदान योजना (अनुबंध–क) को अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं । इस संबंध में जारी पूर्व अधिसूचना संख्या एल0सी0डी0–सी

(10)–10 / 2012 दिनांक 20 अगस्त, 2013 तथा एल0सी0डी0–एफ (8)–1 / 2015 दिनांक 16 जून, 2015 को निरस्त किया जाता है।

आदेश द्वारा,
अनुराधा ठाकुर,
प्रधान सचिव (भाषा –संस्कृति)।

————————

सहायतानुदान योजना

1. उदेश्य :

भाषा एवं संस्कृति विभाग सहायतानुदान नियम 1981 (यथा संशोधित, 2004) के अन्तर्गत धार्मिक संस्थानों अथवा पुरातन स्मारकों को अनुदान दिये जाने का प्रावधान रखा गया है।

2. पात्रता :

(।) (क) कोई भी धार्मिक संस्थान, जो कि :

- सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हो
- आस्था का केन्द्र हो
- उस क्षेत्र की पारम्परिक वास्तुकला के अनुरूप निर्मित हो
- ऐतिहासिक हो
- शिल्पकला की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हो, के भवनों की मुरम्मत के लिए ।

(ख) कोई भी पुरातन स्मारक अथवा पुरातात्त्विक स्थल, जो 50 वर्ष से अधिक पुराना हो, उसके पुरातन स्वरूप को बनाये रखने हेतु उसके संरक्षण व परिरक्षण के लिए।

(ग) कोई भी धार्मिक संस्थान अथवा पुरातन स्मारक : जो किसी भी प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो गया हो।

अथवा

जिसकी संरचना अपनी आयु पूर्ण कर मुरम्मत योग्य न रही हो

अथवा

जिसकी संरचना तकनीकी कारणों से मुरम्मत योग्य न रही हो, को उसी प्रकार की सामग्री और उसी वास्तुकला में पुनर्निर्मित करने के लिए

(II) धार्मिक संस्थानों अथवा स्मारकों अथवा पुरातात्त्विक स्थलों में :

- अवैध कब्जा रोकने तथा सुरक्षा के लिए
- उसके परिसर में चारदीवारी के लिए
- इसे गिरने से रोकने के लिए प्रतिधारण दीवार लगाने के लिए
- आंगन में स्थानीय पत्थर के चक्कों से चक्कातलाई
- जल निकासी प्रबंधन कार्यों के लिए धनराशि सहायतानुदान के रूप में दी जायेगी ।

3. निषेध :

(1) यदि धार्मिक संस्थान अथवा पुरातन स्मारक अथवा पुरातात्त्विक स्थल किसी व्यक्ति की निजी सम्पत्ति होगी तो उसे कोई अनुदान नहीं दिया जायेगा। अनुदान केवल सार्वजनिक सम्पत्ति या सरकारी भूमि पर बने धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक के लिए ही दिया जायेगा।

(2) किसी भी धार्मिक संस्थान के नवनिर्माण के लिए कोई अनुदान नहीं दिया जाएगा।

(3) 'हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान व पूर्त विन्यास अधिनियम, 1984' की अनुसूची–1 में शामिल मन्दिर और 'हिमाचल प्रदेश प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारक एवं पुरातात्त्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1976' के तहत राज्य संरक्षित स्मारक तथा 'प्राचीन संस्मारक एवं पुरातात्त्विक स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1958' के तहत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक अनुदान के पात्र नहीं होंगे।

4. योजना का प्रचारः

प्रसार वर्ष में दो बार (मास मई व सितम्बर के अंतिम सप्ताह) प्रदेश में लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में विज्ञापनों के माध्यम से इस योजना के अधीन प्रकरण मंगवाए जाएंगे।

5. प्रक्रिया :

(1) आवेदक को प्रथमतः निम्नलिखित दस्तावेज ज़िला भाषा अधिकारी के माध्यम से विभाग को भिजवाने होंगे जिससे कि सुनिश्चित किया जा सके कि यह धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक इस योजना में विहित उद्देश्यों व प्रारंभिक शर्तों को पूर्ण करता है :

(क) सभी प्रकार के प्रकरणों के लिए एक समान औपचारिकताएं :

(1) जिस भूमि पर धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक का भवन है, उसकी नकल जमाबंदी व अक्स ततीमा।

(2) जिस भूमि पर धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक का भवन है उससे सम्बंधित प्रपत्र–3 को सम्बंधित क्षेत्र के पटवारी से हस्ताक्षरित करवाएंगे।

(3) सहायतानुदान प्रपत्र–1, जो कि उपायुक्त से संस्तुत हो।

(4) सर्वेक्षण प्रपत्र–2 भरा हुआ

(5) भवन में कौन से कार्य किए जाने का प्रस्ताव है, का विवरण संलग्न करें ।

(6) आवेदक को शपथ पत्र देना होगा कि उसने इस कार्य के लिए किसी अन्य विभाग, संस्था या व्यक्ति से अनुदान प्राप्त नहीं किया है और यदि प्राप्त किया है तो उसका पूर्ण विवरण बताना होगा। यह शपथ पत्र सम्बंधित तहसीलदार से अनुप्रमाणित होगा। (प्रपत्र–8)

(7) अन्य कोई ऐसा प्रमाणपत्र अथवा दस्तावेज जो कि प्रकरण की जांच के दौरान अथवा उपरांत, विभाग की संतुष्टि के लिए आवश्यक प्रतीत होता हो, मांगा जा सकता है।

(8) अनुदानग्राही को प्रपत्र–8 के अनुसार अनुदान सम्बंधी वचन / शपथ पत्र देना होगा।

(9) यदि धार्मिक संस्थान / स्मारक विशेष घटक से सम्बंधित हो तो प्रपत्र 7 भर कर संलग्न करना होगा।

(ख) धार्मिक संस्थान, जो कि सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हों, के प्रकरणों में :

(1) धार्मिक संस्थान का महत्त्व, इतिहास, वास्तुकला, उसमें उपलब्ध कला अथवा पुराकृतियां, आयोजित होने वाले मेले व उत्सव, पूजा इत्यादि का विस्तारपूर्वक विवरण

(2) धार्मिक संस्थान के भवन के चारों दिशाओं के चार रंगीन छायाचित्र (कम से कम 5X7 इचं साइज़ क) संलग्न करें जिनमें कि भवन, ऊपर से नीचे तक स्पष्ट रूप से नजर आता हो। छायाचित्र प्रपत्र–3 पर चिपका कर सम्बंधित क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित होने चाहिएं। इसके अतिरिक्त उन मूर्तियों, पुराकृतियों, कलाकृतियों, अलंकरणो इत्यादि के छायाचित्र भी लगाएं, जो कि स्मारक अथवा स्थल में उपलब्ध हों या किसी भी भाग पर उत्कीर्ण किए गए हों।

(ग) प्राचीन स्मारक अथवा पुरातात्त्विक स्थल, जो लगभग 100 वर्ष पुराना हो, के प्रकरण मेंः

(1) स्मारक का महत्त्व, इतिहास, वास्तुकला तथा पुरास्थल इत्यादि का विस्तारपूर्वक विवरण।

(2) स्मारक के चारों दिशाओं के चार रंगीन छायाचित्र (कम से कम **5X7** इंच साइज़ के) संलग्न करें जिनमें कि भवन, उपर से नीचे तक स्पष्ट रूप से नजर आता हो। छायाचित्र प्रपत्र–3 पर चिपका कर संम्बधित क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित होने चाहिएं। इसके अतिरिक्त उन मूर्तियों, पुराकृतियों कलाकृतियों, अलंकरणो इत्यादि के छायाचित्र भी लगाएं जो कि स्मारक अथवा स्थल में उपलब्ध हों या किसी भी भाग पर उत्कीर्ण किए गए हों।

(घ) कोई भी धार्मिक संस्थान अथवा प्राचीन स्मारकः 1–जो किसी भी प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो गया हो

(1) प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुए अथवा मुरम्मत योग्य न रहे धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक के भवन का पुराना छायाचित्र होना जरूरी है ताकि वास्तुकला का पता चल सके और उसी प्रकार नया संस्थान अथवा स्मारक बनाया जा सके। ये छायाचित्र प्रपत्र–3 पर चिपका कर सम्बंधित क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित होने चाहिए। यदि किसी कारणवश पुराना छायाचित्र उपलब्ध न हो तो प्रस्तावित संरचना, उस क्षेत्र में प्रचलित स्थानीय अथवा पारम्परिक वास्तुकला व विनिर्देशों के आधार पर निर्मित की जाएगी। इस सम्बंध में मंदिर के आकार–प्रकार व मंजिलों की संख्या व प्रयुक्त सामग्री की रिपोर्ट स्थानीय पंचायत से ली जाएगी।

(2) धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक का महत्त्व, इतिहास, वास्तुकला इत्यादि का विस्तारपूर्वक विवरण

(3) यदि धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक के प्राकृतिक आपदा से नष्ट होने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज हुई हो तो रिपोर्ट की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें अन्यथा सम्बंधित पटवारी से रिपोर्ट लेकर संलग्न करें।

2– जिसकी संरचना अपनी आयु पूर्ण कर मुरम्मत योग्य न रही हो अथवा जिसकी संरचना तकनीकी कारणों से मुरम्मत योग्य न रही हो,

(1) मुरम्मत योग्य न रहे धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक के भवन का छायाचित्र होने जरूरी हैं ताकि वास्तुकला का पता चल सके और उसी प्रकार नया संस्थान अथवा स्मारक बनाया जा सके। ये छायाचित्र प्रपत्र–4 पर चिपका कर सम्बंधित क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित होने चाहिएं। ये रंगीन छायाचित्र (कम से कम **5X7** इंच साइज़ के) भवन के आगे, पीछे, दायें।

बायें से लिए गए हों और जिनमें कि भवन, ऊपर से नीचे तक स्पष्ट रूप से नज़र आता हो, भिजवाएंगे। इसमें भवन के उन भागों के रंगीन छायाचित्र भी होने आवश्यक हैं, जिनमें समस्या है और जिनके कारण भवन मुरम्मत योग्य न रहा हो।

(2) प्राक्कलन तैयारकर्ता को भवन की वर्तमान दशा की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी होगी जिसमें कि स्पष्ट किया गया हो कि किन कारणों से भवन मुरम्मत योग्य नहीं रहा है और अब इसका पुनर्निर्माण ही एक मात्र विकल्प है।

(3) धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक का महत्त्व, इतिहास, वास्तुकला इत्यादि का विस्तारपूर्वक विवरण

(2) इनके प्राप्त होने पर विभाग की पुरातत्त्व शाखा इन दस्तावेजों के आधार पर पात्रता की जांच करेगी और यदि धार्मिक संस्स्थान अथवा स्मारक अथवा पुरास्थल की नियमों के अनुसार पात्रता होगी तो ही प्रकरण मंगवाया जाएगा अन्यथा आवेदक को इन्कार की सूचना दे दी जाएगी। भविष्य संदर्भ हेतु, प्राप्त दस्तावेज, आवेदक को लौटाए नहीं जाएंगे।

(3) जिन धाार्मिक संस्थानों अथवा स्मारकों अथवा पुरास्थलों की पात्रता सुनिशचित हो जाती है, उनके आवेदक, विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र 1 से 4 सहित, इस योजना के नियमों के अनुसार खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता से प्राक्कलन व ड्राईगं (चार प्रतियों में) तैयार करवा कर सहायतानुदान हेतु सम्बन्धित जिला भाषा अधिकारी को आवेदन करेंगे। जिला भाषा अधिकारी प्रकरण पर अपनी संतुष्टि के उपरांत इसे उपायुक्त से संस्तुत करवा कर निदेशालय को भिजवाएंगे

6. निदेशाालय स्तर पर प्रकरण का तकनीकी निरीक्षण प्रक्रिया एवं वित्तीय राशि स्वीकृति :

(क) विभाग के पुरातत्त्व प्रभाग द्वारा प्रकरणों का निरीक्षण किया जाएगा। और स्थल का निरीक्षण भी कर सकते हैं तथा जो भी संशोधन आवश्यक हो, तीन मास के भीतर सूचित करेंगे। प्राक्कलन को पुरातत्त्व अभियन्ता अपने स्तर पर औचित्य सहित घटा अथवा बढ़ा भी सकेंगे और तत्सम्बंधी प्रस्ताव अनुवीक्षण समिति के समक्ष भी रख सकते हैं।

(ख) सभी प्रकार के प्रकरणों में सहायतानुदान की अधिकतम राशि सामान्यतः रूपये 25 लाख होगी तथापि यदि यह राशि अपर्याप्त हो तो अपवादात्मक परिस्थितियों में जिला भाषा अधिकारी की विशेष अनुशंसा जो कि उपायुक्त द्वारा पुनरीक्षित हो, तत्सम्बंधी कारणों का उल्लेख करते हुए व प्राक्कलन तथा औचित्य सहित कार्य की आवश्यकता के अनुसार इस सीमा से अधिक अनुदान दिया जा सकता है।

(ग) निम्नलिखित समिति सभी निरीक्षित प्रकरणों की जांच कर उनकी समीक्षा करेगी और प्रत्येक प्रकरण पर अनुदान राशि की संस्तुति करेगी। निदेशालय में प्रकरणों की जांच हेतु निम्नलिखित समिति होगी :–

1.	निदेशक	अध्यक्ष
2.	संग्रहालयाध्यक्ष–I	सदस्य
3.	पुरातत्त्व अभियन्ता	सदस्य
4.	अधीक्षक–I	सदस्य
5.	सम्बंधित जिला भाषा अधिकारी	सदस्य
6.	कनिष्ठ / अति. सहायक अभियंता	सदस्य सचिव

(घ) इसके उपरांत प्रकरण, निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग को प्रस्तुत होंगे और उनका निपटान निम्नलिखित अनुसार किया जाएगा :–

1. रुपये दस लाख तक के प्रकरण निदेशक, भाषा–संस्कृति विभाग स्वीकृत करेंगे ।
2. रुपये दस लाख से अधिक राशि वाले प्रकरण सरकार को स्वीकृत्यार्थ भिजवाए जाएंगे।

(ड.) विभाग द्वारा स्वीकृत राशि तथा प्रस्तावित कार्य पर व्यय होने वाली कुल राशि की शेष राशि धार्मिक संस्थान अथवा स्मारक की समिति को जन–सहभागिता के रूप में सुनिश्चित करनी आवश्यक होगी।

(च) सहायतानुदान राशि सम्बंधित उपायुक्त के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी को प्रदान की जाएगी, जो इस राशि को आवेदक को कार्य की प्रगति व आवश्यकतानुसार जारी करेंगे। ऐसे प्रत्येक स्वीकृत मामले में अनुमोदित प्राक्कलन की प्रति व स्वीकृति पत्र की प्रति सम्बन्धित जिला भाषा अधिकारी तथा आवेदक को संदर्भित की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी को स्वीकृति की प्रति, प्राक्कलन की अनुमोदित प्रति सहित भेजी जाएगी।

(छ) अनुदान दो किस्तों में दिया जाएगा :

(1) 50 प्रतिशत अनुदान की मांग स्वीकृत होने पर
(2) शेष 50 प्रतिशत आधा कार्य पूर्ण होने पर
(3) जनजातीय क्षेत्रों में वर्ष भर में कार्य अवधि कम होने के कारण यह अनुदान एक मुश्त दिया जा सकेगा।

(ज) मुरम्मत, निर्माण, पुनर्निर्माण कार्यों का निष्पादन, आवेदक संस्था, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता के पर्यवेक्षण में करेगी। मुरम्मत, निर्माण, पुनर्निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उनके निर्माण कार्य सम्बंधी संहिता, नियमावली तथा हि.प्र. सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों (Works Code, Manaul & the instructions issued by the H.P. Govt. from time to time) के अनुरूप किया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता, भाषा–संस्कृति विभाग द्वारा अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर कार्य करवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि मंदिर आवेदक, अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर कार्य नहीं करता है तो वह सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व उपमण्डलाधिकारी को तुरंत रिपोर्ट करेंगे और उसकी एक प्रति अविलम्ब इस विभाग को भी भजेंगे इसके उपरांत इस विभाग के अधिकारी निरीक्षण कर, अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और सचिव (भाषा–संस्कृति) इस पर अंतिम निर्णय लेंगे।

यदि आवेदक द्वारा अनुदान नियमों की अवहेलना पाई जाएगी तो उसे सारी राशि ब्याज सहित एक–मुश्त लौटानी होगी।

(झ) अनुदान की राशि, एक वर्ष के भीतर व्यय करनी होगी अन्यथा भाषा–संस्कृति विभाग, ऐसी राशि को ब्याज सहित एक–मुश्त वापस लेने का हकदार होगा।

(ञ) निदेशक अपनी संतुष्टि पर इस अवधि को, विशेष कारणों को देखते हुए एक वर्ष तक और बढ़ाने में सक्षम होंगे।

(ट) प्रत्येक अनुदानग्राही संस्था को विभाग द्वारा प्रदत्त अनुदान की निम्नलिखित सूचना धार्मिक संस्थान अथवा पुरातन स्मारक के पास साईन बोर्ड लगा कर प्रदर्शित करनी आवश्यक रहेगी :

1. कार्य का पूर्ण नाम
2. स्वीकृत राशि
3. स्वीकृति वर्ष
4. अनुदान प्रदाता विभाग : भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश
5. कार्य आरंभ की तिथि
6. कार्य समाप्ति की तिथि

7. प्रमाण–पत्र :

(क) आधा कार्य हो जाने पर इस तथ्य हेतु निर्धारित प्रमाण–पत्र, प्रपत्र–5 पर विभाग को भेजा जायेगा, जो कि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिए।

(ख) इन निर्धारित प्रमाणपत्रों की प्राप्ति पर, दूसरी व अंतिम किस्त जारी कर दी जायेगी।

(ग) आवेदक को प्रदत्त कुल अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र (प्रपत्र–6) तीन प्रतियों में सम्बन्धित उपायुक्त से सत्यापनोपरांत, निदेशक (भाषा–संस्कृति) को भेजना होगा। आवेदक को उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ प्रदत्त अनुदान के उपयोग के वाउचरज़ की छाया प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी जो कि आवेदक द्वारा सत्यापित होंगी, जिसके आधार पर ही अनुदान का सदुपयोग सुनिश्चित होगा।

धार्मिक संस्थान की समिति को संस्था की पूरी आय व व्यय का विवरण एक कैश बुक में दर्ज करना होगा व समस्त बिल / वाउचरज़ सहेज कर रखने होंगे, जिसका निरीक्षण / सत्यापन सम्बन्धित जिला भाषा अधिकारी / विभाग के अधिकारियों द्वारा किसी भी समय पर किया जा सकता है।

8. निरीक्षण एवं नियम उल्लंघनाः

(क) जीर्णोद्धार अथवा निर्माण अथवा पुनर्निर्माण के कार्य को समय–समय पर भाषा एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण की खुली छूट होगी। ये अधिकारी चल रहे कार्य में आवश्यक परिवर्तन भी आवेदक समितियों को बतायेंगे, जो कि इन समितियों को मान्य होगा। निरीक्षण अधिकारी, प्रत्येक निरीक्षित धार्मिक संस्थान अथवा पुरातन स्मारक अथवा पुरास्थल की रिपोर्ट छायाचित्रों सहित तुरंत निदेशालय को भेजेगा। विभाग के कनिष्ठ अभियंता / संरक्षण सहायक आवश्यकतानुसार हर अनुदान प्राप्त धार्मिक संस्थान अथवा प्राचीन स्मारक अथवा पुरास्थल का निरीक्षण करेंगे तथा पुरातत्त्व अभियंता नमूना–जांच (Test Check) के तौर पर कम से कम 10 प्रतिशत निरीक्षण करेंगे।

(ख) सहायतानुदान प्राक्कलन की जिन कार्य मदों के लिए दिया गया है उसी पर खर्च किया जाना होगा। ऐसा न करने पर सारी राशि ब्याज सहित वापस ली जा सकेगी।

(प्रपत्र–1)

(परियोजना–17)

सहायता अनुदान के लिए प्रार्थना–पत्र

1.	धार्मिक संस्थान / स्मारक का पूरा नाम व पताः	
	धार्मिक संस्थान / स्मारक	
	गांव	
	ग्राम पंचायत	
	डाकघर	
	विकास खण्ड	
	तहसील	
	उपमण्डल	
	जिला	
	पिन कोड	
2.	क्या धार्मिक संस्थान / स्मारक सार्वजनिक सम्पत्ति हैः	हां / नहीं

3.	यदि (2) का उत्तर हां में है तो कौन सी संस्था अथवा ट्रस्ट चला रहा है :	
4.	धार्मिक स्थल की आयु :	——वर्ष / निर्माण वर्ष
5.	धार्मिक स्थल / स्मारक के चारों कोणों के चार रंगीन छायाचित्र संलग्न हैं या नहीं ?	
6.	प्रस्तावित कार्य का संक्षिप्त विवरण जिसके लिए अनुदान अपेक्षित है (अलग से संलग्न करें)	
7.	प्रस्तावित कार्य पर होने वाले कुल अनुमानित व्यय की राशि	
8.	धार्मिक स्थल का ऐतिहासिक / पुरातात्त्विक व सांस्कृतिक विवरण	
9.	राजस्व रिकॉर्ड संलग्न है या नहीं ?	
	पर्चा जमाबंदी	
	अक्स ततीमा	
1 0.	अपेक्षित अनुदान की राशि जिसकी सरकार से अपेक्षा है तथा शेष राशि संस्था किस प्रकार वहन करेगी, कृपया ब्यौरा दें :	
11.	क्या इस कार्य के लिए किसी अन्य सत्रोत से भी सहायता प्राप्त की गई है (यदि हां तो ब्यौरा दें) : शपथ पत्र संलग्न करें।	
12.	धार्मिक संस्थान की प्रबंधन समिति के बैंक अकाऊंट सम्बंधी विवरण (बैंक पास बुक के प्रथम पृष्ठ जिसमें अकाऊंट सम्बंधी समस्त जानकारी अंकित हो, की स्पष्ट छायाप्रति लगाएं)	बैंक का नाम : बैंक शाखा का पताः बैंक खाता संख्या : IFS Code संख्या :
13.	कोई अन्य सूचना, यदि हो	

मैं सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं कि पूर्वोक्त मेरे प्रतिज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है।

स्थान..... अनुदानग्राही के हस्ताक्षर.....
तिथि..... (नाम.....)
आधार नम्बर..... पदनाम.....
पता ..... दूरभाष कोड सहित / मोबाईल नम्बर.....

मैं .....(नाम), उपायुक्त जिला..... प्रमाणित करता / करती हूं कि श्री..... ..... जिन्होंने कि इस अनुदान प्रकरण के लिए बतौर .....कारदार / संस्था अध्यक्ष आवेदन किया हुआ है, ही इस धार्मिक संस्थान / स्मारक के, सरकार से अनुदान प्राप्त करने के लिए, वैध आवदे क हैं और यह धार्मिक संस्थान / स्मारक : मुरम्मत योग्य है / प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुआ है / मुरम्मत योग्य नहीं रहा है अतः मै इस प्रकरण पर अनुदान राशि जारी करने की संस्तुति करता / करती हूं। (जो लागू न हो उसे काट दें।

स्थानः
दिनाकं : हस्ताक्षर (मोहर सहित)

————————

प्रपत्र–2

भाषा एवं संस्कृति विभाग,
हिमाचल प्रदेश–शिमला.171009

प्रदेश के मन्दिरों, स्मारकों, मठों तथा विहारों का सर्वेक्षण

1. मन्दिर / मठ / विहार / संस्थान का नामः

2. इसके भवन का निर्माण किसने तथा कब करवाया था :
3. मन्दिर की निर्माण शैलीः पहाड़ी / सतलुज / पैंटरूफ / शिखर / गुफा / गोम्पा / टावरनुमा / पैगोडा / गुम्बद
4. मन्दिर के प्रधान देवताः
5. मन्दिर की अनुमानित वार्षिक आयः
6. मन्दिर की कुल अनुमानित सम्पत्तिः
7. (1) चल सम्पत्तिः आभूषण लगभगः रूपये नकदी कुल रूपये
8. (2) अचल मकान भूमि बीघे / कनाल / हैक्टेयर
9. मन्दिर की व्यवस्था का ब्यौराः
10. (पुजारी / पारम्परिक समिति / अन्य समिति––कृपया विवरण दें)
11. मन्दिर में मूर्तियों की संख्या व विवरण :
12. मन्दिर के प्रांगण में आयोजित होने वाले उत्सव तथा मेलों का विवरण दें :
13. मन्दिर में कब–कब पूजा होती है ?
14. मन्दिर कहां स्थित है :
15. गांव..... डाकघर.....पिनकोड नम्बर..
16. पंचायत..... उपतहसील.....
17. तहसील..... उपमण्डल.....
18. निकटवर्ती सड़क..... सड़क से दूरी.....
19. निकटवर्ती विश्रामगृह.....
20. विश्रामगृह किस विभाग का है : लोक निर्माण विभाग / सिंचाई विभाग / वन विभाग / बिजली बोर्ड / पंचायत / कोई अन्य (कृपया नाम लिखें)
21. विश्रामगृह में ठहरने के लिए किसे आवेदन करना है : (कृपया अधिकारी व कार्यालय का पता तथा टैलीफोन नम्बर लिखें)
22. क्या मन्दिर में फोन लगा है यदि है तो कृपया कोड सहित फोन नम्बर लिखें :
23. यदि फोन नहीं लगा है तो किसी ऐसे जिम्मेवार व्यक्ति का नाम तथा फोन नम्बर लिखें जिनसे कि इस मन्दिर के बारे में सम्पर्क किया जा सकेः
24. इस स्थान के लिए जिला / उपमण्डल / तहसील / ब्लॉक मुख्यालय से उपलब्ध बस सेवाओं के रूट का नाम व समय लिखें :
25. धार्मिक संस्थान / स्मारक का इतिहास जो कि कम से कम दो पृष्ठ का हो, लिखें :

————————

प्रपत्र–3

प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि .....(धार्मिक संस्थान / स्मारक / स्थल का नाम) मौजा..... परगना.....तहसील.....जिला..... के खसरा नम्बर..... में बना हुआ है / था, जिसका फोटो नीचे चिपकाया गया है इस धार्मिक संस्थान / स्मारक / पुरास्थल के सम्बंध में यह भी प्रमाणित किया जाता है कि (जो लागू न हो उसे काट दें):–

1. उपरोक्त खसरा नम्बर आबादी देह / मिलकीयत का नम्बर है ।

2. उपरोक्त धार्मिक संस्थान / स्मारक / पुरास्थल किसी की निजी सम्पत्ति न हो कर सार्वजनिक सम्पत्ति है ।

3. दिनांक.....को जल चुका है / बरसात में गिर चुका है / भूस्खलन से गिर चुका है / ....(प्राकृतिक आपदा का नाम) से नष्ट हो चुका है।

यहां फोटो चिपकाएं

(हस्ताक्षर का कुछ भाग छायाचित्र व कुछ भाग इस पृष्ठ पर अंकित होना चाहिए)

स्थान .....
दिनांक .....

हस्ताक्षर (पटवारी).....

(नाम).....
(मोहर सहित)

———————

Form-4

Justification Certificate for Retaining/Breast wall

It is certified that Retaining wall(s)/breast wall (s) as shown in drawings is/are necessary for the protection of ----------temple situated at village ---------- Gram Panchayat ---------- --- Tehsil --- --------- District ----------.

Place:

Assistant Engineer,
(Name)----------
Block----------
Stamp

Date:

———————

(प्रपत्र–5)

दूसरी व अंतिम किस्त जारी करने हेतु प्रमाण–पत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि मैं इससे संतुष्ट हूं कि जिन नियमों के अनुसार ....धार्मिक संस्थान / स्मारक / पुरास्थल को रूपये ..... का सहायतानुदान स्वीकृत हुआ है उसके अनुसार इन्होंने प्रदत्त राशि से होने वाला कार्य पूर्ण कर लिया है।

2. संस्था द्वारा कृत कार्य प्राक्कलन में अनुमोदित मदों के आधार पर हुआ है ।

3. मैंने स्वयं देखा है ।

4. मेरा निवेदन है कि इन्हें अनुदान की दूसरी व अंतिम किस्त, जो कि रुपये..........बनती है, को जारी कर दिया जाए ।

दिनांक :
स्थान :

(......................) नाम
कनिष्ठ अभियंता
मोहर सहित

(.......................)नाम
खण्ड विकास अधिकारी
मोहर सहित

———————

प्रपत्र–6

उपयोगिता प्रमाणपत्र

कृपया पत्र संख्या ——————————————————— दिनांक ———————————————— राशि——————————————————————————————— प्रमाणित किया जाता है कि ————————————————————————————मात्र की स्वीकृति सहायतानुदान राशि से वर्ष के दौरान———————————————————————————— के रूप में इस विभाग के पत्र संख्या ——————————————————————————— तथा हाशियों में दी गई तिथि के अधीन रुपये ——————————————————————————————————————की राशि हिमाचल ——————————————————————— के प्रयोजन / उद्देश्य के लिए उपयोग की गई है जिसके लिए यह स्वीकृत की गई थी तथा शेष ——————————————————————— रुपये की वर्ष अन्त तक उपयोग न की गई राशि का सरकार को पत्र संख्या ——————————————————— के द्वारा अभ्यपर्ण किया गया है जो कि आगामी —————————————— वर्ष —————————— में दी जाने वाली सहायतानुदान में समायोजित की जायेगी।

स्थान——————————————————————————————हस्ताक्षर——————————————
तिथि————————————————————————————————संस्थाध्यक्ष——————————————
——————————————————————

प्रमाणित किया जाता है कि मैं इससे संतुष्ट हूं कि जिन शर्तों पर सहायतानुदान स्वीकृत किया गया था, पूर्ण की गई हैं / पूर्ण की जा रही हैं तथा धन का वास्तव में उसी उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया है जिसके लिए यह स्वीकृत किया गया था ।

(....................)नाम
कनिष्ठ अभियंता, विकास खण्ड

(....................)नाम
खण्ड विकास अधिकारी
मोहर सहित

प्रतिहस्ताक्षरित
(.........................)नाम
उपायुक्त जिला.............
मोहर

भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश

आहरण एवं वितरण अधिकारी,
के हस्ताक्षर व पदनाम

प्रतिहस्ताक्षर विभागध्यक्ष

प्रपत्र–7

(विशेष घटक योजना के तहत धार्मिक संस्थानों व स्मारकों व पुरास्थल के लिए अनुदान प्राप्त करने के लिए प्रमाणपत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि ———————— नाम का धार्मिक संस्थान / स्मारक / पुरास्थल जो कि खसरा नम्बर——————मौजा————————परगना ——————— तहसील————————— जिला————————में बना हुआ है, दलित समुदाय से सम्बधित है और यह उनका आराध्य देव / देवी या स्मारक या पुरास्थल है।

स्थानः
दिनांकः

हस्ताक्षर
ग्रामीण राजस्व अधिकारी (पटवारी)
मोहर सहित

या

प्रमाणित किया जाता है कि ———————— नाम का धार्मिक संस्थान / स्मारक / पुरास्थल जो कि खसरा नम्बर——————मौजा——————————परगना ——————— तहसील————————— जिला————————में बना हुआ है, दलित समुदाय से सम्बधित है और यह उनका आराध्य देव / देवी या स्मारक या पुरास्थल है।

स्थान :

दिनाकं :

हस्ताक्षर (पंचायत सचिव)
मोहर सहित

हस्ताक्षर (पंचायत प्रधान)
मोहर सहित

प्रपत्र–8

अनुदान सम्बन्धी वचन / शपथ पत्र

भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश–शिमला–171009 द्वारा जो.. (स्मारक / धार्मिक संस्थान / पुरास्थल का नाम) (गांव......................पंचायत.......डाकघर..........उपतहसील / तहसील.... ......उपमण्डल.........जिला..............) के जीर्णोद्धार / पुनर्निर्माण / निर्माण के लिए रूपये.......... / –(रुपये................... मात्र) की राशि स्वीकृत की गई है इस सहायतानुदान के सम्बंध में मैं सपुत्र श्री................गांव ....

परगना / फाटी.....डाकघर.....पंचायत.....तहसील.....उपमण्डल.....जिला.....वचन देता हूं/ शपथ लेता हूं/प्रमाणित करता हूं कि :–

1. सरकार द्वारा जो उपरोक्त धनराशि इस धार्मिक संस्थान / स्मारक / पुरास्थल के लिए स्वीकृत की गई है और जो कुल धनराशि इस प्रस्तावित संरचना के मुरम्मत / निर्माण / पुनर्निर्माण पर व्यय होगी, उसका शेष, जो कि स्वीकृत धनराशि से कम नहीं होगी, संस्था / आवेदक द्वारा स्वयं वहन की जाएगी।
2. आवेदक / संस्था किसी भी भ्रष्ट कार्यकलाप से सम्बंधित नहीं है।
3. स्वीकृत धनराशि का उपयोग स्वीकृति की तिथि से एक वर्ष के भीतर कर लिया जाएगा।
4. प्रस्तावित संरचना का मुरम्मत / निर्माण कार्य, प्राक्कलन में अनुमोदित मदों के आधार पर ही निष्पादित किया जाएगा ।
5. मैंने विभाग से तकनीकी रूप से अनुमोदित प्राक्कलन की प्रति प्राप्त कर ली है और निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण भाषा–संस्कृति विभाग के अभियंताओं से भली–भांति समझ लिया है और तद्नुसार ही कार्य करवाया जाएगा।
6. यदि किसी कारणवश अनुदान राशि का उपयोग नहीं हो पाता है या इस राशि में से कुछ राशि बच जाती है तो उसे तुरन्त ही सरकार को लौटा दिया जाएगा।
7. विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों का धार्मिक संस्थान / स्मारक के प्रत्येक भाग में प्रवेश मान्य होगा।
8. मरम्मत / निर्माण कार्य के दौरान विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा।
9. धार्मिक संस्थान / स्मारक किसी व्यक्ति(यों) की निजी सम्पत्ति नहीं है।
10. निर्माण कार्य पूर्ण होने के एक मास के भीतर उपयोगिता प्रमाण–पत्र (लेखा परीक्षा रिपोर्ट / व्यय विवरण सहित) विभाग को भिजवा दिया जाएगा।
11. मुरम्मत / निर्माण कार्य में स्मारक / धामिर्क संस्थान के भवन के किसी भी भाग पर रंग रोगन / सफेदी / डिस्टैम्पर या आधुनिक फिनिश नहीं किया जाएगा और न ही ऐसे किसी रासायन / आधुनिक सामग्री का प्रयोग किया जाएगा जिससे कि भवन का रंग / मूलस्वरूप बदले या उसे किसी प्रकार से प्रत्यक्ष / परोक्ष रूप से उसकी पुरामहत्ता को कोई क्षति पहुंचे।
12. उसने इस कार्य के लिए किसी अन्य विभाग, संस्था या व्यक्ति से अनुदान प्राप्त नहीं किया है और यदि प्राप्त किया है तो उसका पूर्ण विवरण बताना होगा।

यदि मैं उपरोक्त शर्तों का पालन नहीं करता हूं तो अनुदान की सारी राशि, सरकार द्वारा निर्धारित ब्याज सहित, अविलम्ब लौटा दूंगा अन्यथा मैं इस राशि की भरपाई भू–राजस्व (Land Revenue) के रूप में वसूलने के लिए जिला समाहर्ता..... (जिला) को प्राधिकृत करता हूं।

दिनांक :– आवेदक / अनुदानग्राही के हस्ताक्षर
स्थान :– पूर्ण नाम, पदनाम तथा मोहर सहित

————————

LANGUAGE, ART & CULTURE DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, *the* 03rd *March*, 2017

No. LCD-F(8)-1/2016.—In supersession of this Department's Notification No. LCD-C(10)-10/2012 dated: August 20, 2013 and LCD-F(8)-1/2015 dated: June 16, 2015, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to notify the "Grant-in-aid scheme for religious institutions,

archaeological monuments and archaeological sites" (Annexure- A) formulated by the Department of Language, Art & Culture.

By order,
ANURADHA THAKUR,
Principal Secretary (LAC).

Grant-in-aid scheme for religious institutions Archaeological monuments and Archaeological sites

1. Objectives:

The provision of grant-in-aid for the religious institutions and ancient monuments has been made under Language and Culture Department Grant-in-aid Rules 1981 (As amended in 2004).

2. Eligibility:

(I) (a) Any religious institution which is :

- culturally rich.
- a centre of faith.
- built according to the traditional architecture of that area.
- historical
- significant in terms of architecture for the repair of buildings.

(b) to maintain in original ancient form and for conservation & preservation of any ancient monument or archaeological site, which is more than 50 years old, .

(c) any religious institution or ancient monument : which has been destroyed due to any natural calamity.

Or

the structure, which has completed its life and is beyond repair.

Or

the structure which is not worth repairable due to the technical reasons. to reconstruct it with the similar material & architecture.

(II) In religious institutions or Monuments or Archaeological sites:

- to check the encroachment and protection,
- for boundary walls in its premises,
- for the construction of retaining wall to prevent it from collapse,
- for chakka stone flooring with the local stones in its courtyard,
- for the management of water drainage system, the grant-in-aid will be given.

3. Prohibition:

1. If the religious institution or ancient monument or archaeological site is the property of an individual then no grant shall be given. Grant will be provided only to public property or religious institution and monuments constructed on government land.

2. No grant will be provided for the construction of new religious institutions.

3. Temples included in 'Himachal Pradesh Hindu public religious institution and charitable endowment act, 1984 schedule-1 and under Himachal Pradesh 'Ancient and Historical Monuments and Archaeological sites and remains Act, 1976', state protected Monuments and under 'Ancient Monuments and Archaeological sites and remains act, 1958', Central protected monuments are not eligible for grant.

4. Publicity of Scheme:

Under this scheme proposals will be invited through advertisements in three leading newspapers of the state twice in a year (in the last week of May and September month)

5. Procedure:

1. Applicant will first submit the following document to the department through District Language Officer, which will ensure that the religious institutions and monuments fulfil the objectives and preliminary conditions prevailing under this scheme.

A. Uniform formalities for all proposals.—1. Jamabandi and Tatima of the land where religious institutions and monuments exist.

2. Concerned Form-3 must be duly signed by the concerned Patwari where the building of monuments and religious institution is built.

3. Grant-in-aid Form-I should be recommended by the Deputy Commissioner.

4. Survey Form-2 should be filled up.

5. Attach details of the proposed work of the building.

6. An Affidavit should be submitted by the applicant that no grant has been from received from any other department or organisation or person. In case, any grant has been received full particulars should be furnished. Affidavit will be attested by the concerned Tehsildar (Form-8).

7. Any other such certificates or document, which is required necessarily for the satisfaction of department, can be asked during or after investigation of the proposal.

8. The grantee should present affidavit/undertaking relating to grant according to Form-8.

9. Form-7 is to be filled and attached, if the religious institution/ monument is related to special component plan.

B. Proposals regarding religious institutions which are culturally rich:

1. Detailed description of importance of religious institution and its worship history, architecture and available art and antiquities in it, and worship fairs and Festivals to be organised.

2. Enclose four coloured photographs of religious buildings (5x7 inches minimum in size) covering the four directions in which the building should be clearly visible from top to bottom. The photographs should be pasted on Form-3 and also be attested by Patwari of concerned circle. In addition to this, photographs of sculptures, art work, festoonery engraved on any part of building and enshrined inside.

C. In proposal of Ancient Monument and Archaeological site which are nearly 100 years old:

1. Detailed description, importance of monument, History, Architecture and Archaeological sites etc.

2. Enclose four coloured photographs of religious buildings (5x7 inches minimum in size) covering the four directions in which the building should be clearly visible from top to bottom. The photographs should be pasted on Form-3 and also be attested by Patwari of concerned circle. In addition to this, photographs of sculptures, art work, festoonry engraved on any part of structure and enshrined inside.

D. Any religious institution or Ancient Monument :—

- Which has been destroyed by natural calamity

1. Old Photographs of the religious institution or Monument is necessary which has been destroyed by natural calamities so that the architecture could be found and the same new structure should be constructed. Paste these photographs on Form-3 and it should be verified by Patwari of concerned circle. If the old photographs are not available due to some reasons then the proposed structure should be constructed on the basis of prevailing local and traditional architecture or specifications of that region. In this connection the shape-design, number of storeys and the report of used material in temple should be obtained from the local Gram Panchayat.

2. Detailed description, importance, history and architect etc. of the religious institutions and monument.

3. If the report has been registered with police about the destruction of religious institution and monument by natural calamity then enclose its attested copy, otherwise enclose the report of concerned Patwari.

2. The structure which has completed its age & not repairable and the structure which is beyond repair due to technical reasons.

(1) The photographs of those religious institution or monument are necessary which are not repairable. So that the architecture could be identified and the new institution or monument could be built in the same form. Paste the photographs on form-4 which should be verified by the Patwari of concerned circle. These coloured photographs (size at least 5x7 inches) be taken from front, back, right and left side of the building in which the building should be clearly visible from top to bottom. The coloured photograph of the problem prone portion of the building is necessary due to which building has become beyond repair.

(2) A detailed report of the present condition of the building should be prepared by the estimate designer where it should be clearly mentioned that due to which reasons the building is not repairable and now reconstruction is the only alternative.

(3) Detailed description, importance history architecture etc. of religious institution and monument.

(4) The archaeological branch of the department will examine the eligibility based on received documents and if as per rules these religious institutions, or monuments, or archaeological site will be eligible only then the proposal shall be invited otherwise refusal information will be conveyed to the applicant. The documents will not be returned to the applicant for future reference.

(5) Those religious institutions or monuments or archaeological sites whose eligibility are assured, the applicant will prepare estimates and drawing (4 copies) from the Junior Engineer of Block Development Officer as per rules of the scheme along with Form 1 to 4 prescribed by the department will apply to concerned District Language Officer for grant-in-aid. After the proper satisfaction of the proposal District Language Officer will send the case to Directorate after due recommendation from Deputy Commissioner.

(6) Technical scrutiny procedure and financial sanction of amount at the Directorate level:

(a) The archaeological wing of the department will examine the proposals and may also visit the sites and point out required amendment not later than 3 months & incorporate the necessary amendment in the proposal. The Archaeological Engineer may put a proposal for enhancing or reducing the estimate before the screening committee with justification.

(b) The District Language Officer will put up the case. Maximum amount of grant-in-aid will ordinarily be Rs. 25 Lakh, however in exceptional circumstances if this amount is inadequate a special recommendation of District Language Officer duly vetted by the Deputy Commissioner will be necessary, while mentioning the relevant reasons with justification & estimate as per actual requirement in that type of cases.

(c) The following committee will scrutinize and review all inspected proposals and will recommend the amount of Grant on each proposals.

1.	Director,	Chairman
2.	Curator-I	Member
3.	Archaeological Engineer,	Member
4.	Superintendent-I	Member
5.	Concerned District Language Officer	Member
6.	Junior Engineer/Additional Assistant Engineer	Member Secretary

(d) Thereafter the proposal will be put up to Director Language & Culture and will be disposed as under accordingly:

(1) The proposals up to Rs. 10 Lac shall be sanctioned by Director, Language and Culture Department.

(2) The proposals exceeding the amount Rs. 10 Lac shall be sent to the Government for sanction.

(e) Out of the amount sanctioned by the department the remaining expenditure of the total amount of proposed work will be necessarily ensured by the religious institution and monument committee as public participation.

(f) The Grant in-aid will be provided to the Block Development Officer through concerned Deputy Commissioner, who will release the amount on progress and requirement of the work to applicant. In every such sanctioned cases the copy of the approved estimate and sanctioned letter will be endorsed to District Language officer and the applicant. The sanctioned letter along with copy of approved estimate will be sent to Block Development Officer

(g) The grant-in-aid will be provided in two instalments.

1. 50% grant-in-aid on sanction.

2. Remaining 50% on the completion of half work.
3. In the tribal area throughout the year due to less working days the grant will be provided in one instalment.

(h) The applicant society will execute the reconstruction, repair, and construction work under the supervision of Junior Engineer, Block Development Office. Repair, construction, reconstruction work will be completed by Rural Development Department in accordance with their construction manual and rules and works code manual issued by H.P. govt. from time to time.

The Junior Engineer of Block Development Office will ensure the execution of work based on estimate approved by Department of Language and Culture. If the temple applicant does not work according to the approved estimate then the J.E concerned will immediately report to the concerned Block Development Officer or the Sub-Divisional Officer and a copy of the same to the department without any delay. Thereafter the officer's of this department will inspect the site and will submit the report to Administrative Secretary, Language & Culture for final decision. If irregularity by applicant in grant regulations is found then he will have to refund the entire amount with interest in single instalment.

(i) The Grant-in-aid should be spent in one year otherwise Department of Language & Culture will be entitled to recover the entire amount in single instalment along with interest.

(j) Director will be competent to extend this period up to one year at his satisfaction keeping in view the certain circumstances.

(k) The following information about the grant conferred by the department will be necessarily displayed by each grantee organisation while fixing sign Board near the religious institutions or Monuments.

1. Full name of work.
2. Sanctioned amount.
3. Sanctioned year.
4. Grant provided by the Language and Culture Department Himachal Pradesh.
5. Commencement date of the work.
6. Completion date of the work.

7. Certificate :

(a) On the Completion of half the work the certificate will be sent to department on form no 5 prescribed for this purpose which should be verified by the Block Development officer.

(b) The second and last instalment will be issued after the receipt of these prescribed certificates.

(c) Three copies of utilization certificate (form-6) of total grant amount provided to applicant will be sent to Director, Language & Culture after verification from the

concerned Deputy Commissioner. The applicant will submit self attested original vouchers of the conferred grant along with the utilization certificate, proper use of grant would be ensured on these bases. All the vouchers will be entered in the cashbook and should be maintained in the Department.

8. Inspection and violation of rules:

